# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–12.05.2025 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रात आठ बजे राष्ट्र को करेंगे संबोधित, ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री का होगा पहला संबोधन।
- ऑपरेशन सिंदूर को लेकर तीनों सेनाओं की ओर से संयुक्त प्रेसवार्ता का आयोजन, डीजी एयर मांर्शल एके भारती ने कहा–सेना ने हर परिस्थिति का दिया मुंहतोड़ जवाब।
- मुख्यमंत्री ने पत्नी कल्पना सोरेन के साथ नये सीएम आवास निर्माण कार्य की रखी आधारशिला, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने ट्रांसफ़र पोस्टिंग को लेकर राज्य सरकार की कार्यशैली की आलोचना की।
- पश्चिमी सिंहभूम जिले में आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से सुरक्षा बल का एक जवान घायल, बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर लाया गया रांची। और
- विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से लिया सन्यास, 123 टेस्ट मैचों में बनाये नौ हजार 230 रन।

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रात आठ बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे। श्री मोदी का यह संबोधन ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार हो रहा है।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस0 जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, तीनों सशस्त्र बलों के प्रमुख और कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

***************

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर आज तीनों सेनाओं की ओर से संयुक्त प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस मौके पर एयर ऑपरेशन के डीजी एयर मांर्शल एके भारती ने बताया कि यह ऑपरेशन आतंकवाद के खिलाफ थी। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना ने हर परिस्थिति का मुंहतोड़ जवाब दिया। एयर मांर्शल ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा बड़ी संख्या में इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन और मानव रहित लड़ाकू वाहनों को वायु सेना ने विफल कर दिया। उन्होंने कहा कि भारत की युद्ध प्रणालियां समय की कसौटी पर खरी उतरी हैं।

***************

भारत और पाकिस्तान के बीच अब से थोड़ी देर पहले डीजीएमओ स्तर की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में भारत के डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई अपने पाकिस्तानी समकक्ष के साथ बैठक की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बैठक में दोनों के बीच संघर्ष विराम को लेकर सकारात्मक बातचीत हुई है।

***************

भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद देश के बत्तीस हवाई अड्डे नागरिक उड़ानों के लिए फिर से खोल दिए गए हैं। सरकार ने पहले 15 मई तक इन्हें बंद रखने का फैसला किया था। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने एक बयान जारी कर यात्रियों को सलाह दी है कि वे सीधे एयरलाइनों से उड़ान की स्थिति की जांच करें और नियमित अपडेट के लिए एयरलाइनों की वेबसाइट पर नज़र रखें।

***************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज राजधानी रांची के कांके रोड स्थित सीएम आवासीय परिसर में नये मुख्यमंत्री आवास निर्माण कार्य की विधि विधानपूर्वक आधारशिला रखी। इस दौरान उनकी पत्नी और विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद थी।

***************

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने ट्रांसफ़र पोस्टिंग को लेकर राज्य सरकार की कार्यशैली की आलोचना की है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में धनबाद के कुछ पुलिसकर्मियों का तबादला और फिर उसे रोके जाने पर आपत्ति जताई है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछा है कि राज्य की जनता को इस सवाल का जवाब चाहिए की राज्य में डीआईजी का पद बड़ा है या डीएसपी का।

***************

नक्सल विरोधी अभियान के दौरान पश्चिमी सिंहभूम जिले के छोटानागरा थाना क्षेत्र में आज हुए एक आईईडी विस्फोट में झारखंड जगुआर का एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल जवान को एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया है और बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद इलाके में सर्च अभियान तेज कर दिया गया है।

***************

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आज हजारीबाग व्यवहार न्यायालय के समीप प्रमंडलीय आयकर भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर प्रमंडल के लिए कर संग्रह को लेकर लक्ष्य निर्धारित किया जाता है, उसे पूरा किया जाएगा, तभी इस भवन का उद्देश्य पूरा होगा। उन्होंने कहा कि कर संग्रह कर विकास योजनाओं में खर्च किया जाएगा।

***************

प्रदेश भाजपा ने जेपीएससी मेंस के रिजल्ट के प्रकाशन की मांग दोहराई है। प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने आज रांची में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि पिछले दस महीने से अभ्यर्थी परीक्षाफल प्रकाशन का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन जेपीएससी और राज्य सरकार अभ्यर्थियों के हितों से बेपरवाह है।

***************

झारखंड समेत देशभर में आज बुद्ध पूर्णिमा मनाई गयी। आज ही के दिन गौतम बुद्ध का जन्म और परिनिर्वाण हुआ था। बुद्ध पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों में आस्था की डुबकी भी लगायी। इस अवसर पर देवघर स्थित बाबाधाम और दुमका के बाबा बासुकीनाथ धाम में भी श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ पर जलार्पण किया।

इस मौके पर बासुकीनाथ धर्मरक्षिणी सभा के अध्यक्ष मनोज पंडा ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा पर भगवान शिव के पूजन का विशेष महत्व है।

***************

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर झारखंड समेत देशभर में आज कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। खूंटी के सदर अस्पताल में भी नर्स दिवस मनाया गया। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ0 नागेश्वर मांझी ने बताया कि नर्सों की सेवा की बदौलत ही स्वास्थ्य सेवा बेहतर और ससमय संभव हो पाता है।

***************

लातेहार जिले में सरस्वती यात्रा कार्यक्रम के तहत स्कूली छात्राओं को कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी दी गयी। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता——

***************

भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। विराट कोहली ने अपने 14 वर्ष के टेस्ट क्रिकेट जीवन से संन्यास लेने की खबर सोशल मीडिया पर साझा की है। विराट कोहली ने 123 टेस्ट मैचों में नौ हजार 230 रन बनाये हैं।

***************

राज्यभर में गर्मी का सितम बढ़ गया है। अधिकांश जिलों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस को छूने लगा है। मौसम विज्ञान रांची के अनुसार अगले तीन दिनों के दौरान तापमान में और 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि की संभावना है। कई क्षेत्रों में लू की चेतावनी भी जारी की गई है। हालांकि 13 और 14 मई को छोड़कर 18 मई तक राज्य के कई इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश के भी आसार हैं।

*******समाप्त********